# समस्त अध्ययन केंद्र संयोजकों हेतु आवश्यक सूचना

हर्ष के साथ सूचित करना है कि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा वर्ष 2017- 18 में संचालित होने वाले समस्त पाठ्यक्रमों से संबंधित विद्यार्थी मार्गदर्शिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://www.mgahv.in/Pdf/Dist/Prospectus_final_2017_18.pdf पर अपलोड कर दी गई है। आपसे आग्रह है कि आप अपने स्तर पर समस्त पाठ्यक्रमों का व्यापक प्रचार- प्रसार कर आपको प्रदत्त पाठ्यक्रमों में अधिकाधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित कराने का प्रयास करें।

आपके संस्थान के माध्यम से प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक विद्यार्थी- मार्गदर्शिका/ विवरणिका की प्राप्ति हेतु अग्रिम के तौर पर वित्ताधिकारी, मगांअंहिंवि, वर्धा के पक्ष में तथा वर्धा में देय माँगपत्र भेजें, ताकि ससमय आपको विद्यार्थी- मार्गदर्शिका/ विवरणिका प्रेषित की जा सके।

विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर प्रेषित की जाने वाली सूचनाओं का ससमय अनुपालन सुनिश्चित कर विश्वविद्यालय को निर्धारित समय के भीतर लिखित रूप से अवगत कराने का कष्ट करें ताकि समस्त कार्यालयीय कार्य सुचारु रूप से संपन्न हों। उपरोक्त सूचना निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार निर्गत की गई है।